**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ................................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________
(In words)

**J 7 0 1 5**

# PAPER - III

# TRIBAL & REGIONAL LANGUAGE LITERATURE

**Time : 2½ hours]** **[Maximum Marks : 150**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

## TRIBAL & REGIONAL LANGUAGE LITERATURE

## PAPER - III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

Read the following passage carefully and answer question No. **1 - 5** :

Within the Indian sub-continent there have been infinite variations on the status of women diverging according to cultural milieu, family structure, class, caste, property rights and morals. Even the ancient erotic manuals of India have discussed at greater length on the capabilities and idiosyncrasies of Indian women whereas the male remains comparatively uniform.

**1.** What would be the proper heading of this passage ?

(1) Indian women (2) Indian Sub-continent

(3) Cultural environment (4) Status of men

**2.** In Indian Sub-continent whose status is found different ?

(1) Status of culture (2) Status of family

(3) Status of mentality (4) Status of female

**3.** What has been expressed with exaggeration in ancient 'Sringarik Granth' ?

(1) Right to property (2) Class and caste

(3) Mental status of female (4) None

**4.** What kind of characteristic of female has been described ?

(1) Decreasing (2) Increasing

(3) Both (1) and (2) (4) None

**5.** Whose status is similar ?

(1) of female (2) of female and male

(3) of male (4) None

**6.** Presently which party has formed government in Jharkhand ?

(1) B. J. P. (2) J. M. M. (3) J. V. M. (4) J. P.

## जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा - साहित्य

## प्रश्नपत्र - III

**नोट:** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

निम्नलिखित परिच्छेद को ध्यान से पढ़ें और प्रश्न संख्या **1** से **5** का उत्तर दें :

भारतीय उपमहाद्वीप में ही नारी की स्थिति में अनेक प्रकार की विभिन्नता पायी जाती है जो कि सांस्कृतिक परिवेश, पारिवारिक संरचना, वर्ग, जाति, सम्पत्ति पर अधिकार तथा नैतिक मूल्यों के अनुसार भिन्न-भिन्न प्रकार की है। यहाँ तक कि भारत के प्राचीन श्रृंगारिक ग्रंथों में भारतीय नारी के वैशिष्ट्य और मानसिक योग्यताओं को बढ़ा-चढ़ा कर व्यक्त किया गया है, जबकि पुरुष की स्थिति एक समान है।

**1.** इस परिच्छेद का उपयुक्त शीर्षक क्या होगी ?

(1) भारतीय नारी
(2) भारतीय उपमहाद्वीप
(3) सांस्कृतिक परिवेश
(4) पुरुष की स्थिति

**2.** भारतीय महाद्वीप में किस की स्थिति में विभिन्नता पायी जाती है ?

(1) संस्कृति की स्थिति
(2) पारिवारिक स्थिति
(3) मानसिक स्थिति
(4) नारी की स्थिति

**3.** प्राचीन श्रृंगारिक ग्रंथों में किसे बढ़ा-चढ़ा कर व्यक्त किया गया है ?

(1) सम्पत्ति का अधिकार
(2) वर्ग - जाति
(3) नारी की मानसिक योग्यता
(4) किसी को नहीं

**4.** नारी के वैशिष्ट्य का किस रूप में वर्णन किया गया है ?

(1) घटा कर
(2) बढ़ा-चढ़ा कर
(3) (1) और (2) दोनों
(4) कोई नहीं

**5.** किनकी स्थिति एक समान है ?

(1) नारी की
(2) नारी - पुरुष की
(3) पुरुष की
(4) किसी की नहीं

**6.** झारखंड में सम्प्रति किसकी सरकार है ?

(1) भा. ज. पा. की
(2) जे. एम. एम. की
(3) जे. वी. एम. की
(4) झा. पा. की

7. Which is not the river of Jharkhand in the following ?

(1) Shankh (2) Koyel (3) Koshi (4) Sawarnarekha

8. What is *"Mahadev Mada and DeviGuri"* ?

(1) Sarna Sthal (sarna place) (2) Puja Sthal (Puja place)

(3) Jaher (4) Dhumkuria

9. Which language family has largest population in Jharkhand ?

(1) China - Tibbati Language family (2) Austric Language family

(3) Dravidian Language family (4) Aryan Language family

10. Which is the Book of *Fr. L. Cardon* ?

(1) The kharias and their custom

(2) Tribes and caste of central province of India

(3) The kharias

(4) The kharia then and now

11. What is the traditional occupation of *Malar* caste ?

(1) To make garland of flowers

(2) To make measuring instrument etc.

(3) To make plate, water vessel, metallic bowl

(4) None

12. In the ballad of *Soso Bonga* who has fought against each other ?

(1) Asur - Munda (2) Munda - Oraon

(3) Sadan - Munda (4) Kharia - Oraon

13. Who is the leader of 1895 rebellion ?

(1) Sidho -Kanhu (2) Nilambar - Pitambar

(3) Thakur Biswanath Shahdev (4) Birsa Munda

14. To which community Freedom fighter Nilambar - Pitambar belongs to ?

(1) Asur (2) Kharwar (3) Shabar (4) Birhor

7. इनमें कौन झारखंड की नदी नहीं है ?

(1) शंख (2) कोयल (3) कोसी (4) सुवर्णरेखा

8. *''महादेव माड़ा और देवी गुड़ी''* क्या है ?

(1) सरना स्थल (2) पूजा स्थल

(3) जाहेर (4) धुमकुड़िया

9. झारखंड में किस भाषा परिवार की संख्या अधिक है ?

(1) चीनी-तिब्बती भाषा परिवार (2) आग्नेय भाषा परिवार

(3) द्रविड़ भाषा परिवार (4) आर्य भाषा परिवार

10. *'फा. एल. कारडोन'* की कौन सी पुस्तक है ?

(1) द खड़ियाज एंड देयर कस्टम

(2) ट्राइब्स एंड कास्ट ऑफ सेंट्रल प्रोविंस ऑफ इंडिया

(3) द खड़ियाज

(4) द खड़ियाज देन एंड नाउ

11. *मलार* जाति का परंपरागत पेशा क्या है ?

(1) फूलों की माला बनाना

(2) पैला आदि बनाना

(3) थाली, लोटा, कटोरा बनाना

(4) इनमें से कुछ नहीं

12. *'सोसोबोंगा'* लोक गाथा में किनके-किनके मध्य संघर्ष हुआ है ?

(1) असुर - मुण्डा (2) मुण्डा - उराँव

(3) सदान - मुण्डा (4) खडिया - उराँव

13. 1895 के उलगुलान का नायक कौन है ?

(1) सिदो - कान्हू (2) नीलाम्बर - पीताम्बर

(3) ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव (4) बिरसा मुण्डा

14. नीलाम्बर - पीताम्बर स्वतंत्रता सेनानी किस समुदाय से आते हैं ?

(1) असुर (2) खरवार (3) शबर (4) बिरहोर

**15.** Which grouping of the assertion and reason is most appropriate in the following ?

**Assertion (A) :** Tribals and sadan are maintaining the Akhra culture of Jharkhand

**Reason (R) :** Because they do hard labour at day time and spend their time in dancing, singing and playing instrument till midnight.

(1) **(A)** and **(R)** are not correct. (2) **(A)** and **(R)** are correct.

(3) **(A)** is correct **(R)** is not correct. (4) **(A)** is not correct **(R)** is correct.

**16.** Who is treated as most popular leader of culture in Jharkhand ?

(1) Jaipal Singh (2) Shibu Soren

(3) Dr. Ram Dayal Munda (4) Dr. Nirmal Minz

**17.** Which dance party went to Russia from Jharkhand to take part in Indian festival in 1987 ?

(1) Paika (2) Chhaw (3) Jadur (4) Dhuria

**18.** Which community worship the Bar Pahari or Marang Buru ?

(1) Only Sadan (2) Only Adivasi (3) Sadan - Adivasi (4) None

**19.** Who is the writer of 'A little known province of the Empire : chotanagpore' ?

(1) Bradly Bert (2) William Huntar (3) Dalton (4) Wilkinson

**20.** Which grouping of the assertion and reason is most appropriate in the following ?

**Assertion (A) :** Jharkhand has always attracting new immigrants.

**Reason (R) :** Because it is not full of natural resources.

(1) **(A)** and **(R)** both are not correct.

(2) **(A)** and **(R)** both are correct.

(3) **(A)** is not correct, **(R)** is correct.

(4) **(A)** is correct **(R)** is not.

**21.** What is the main objects of Linguistics ?

(1) To convey the origin of language

(2) To convey the history of language

(3) To convey the grammar of language

(4) To study minutely the language and dialect

**15.** निम्नलिखित में अभिकथन और कारण का कौन सा समूह सर्वाधिक उपयुक्त है ?

**अभिकथन (A) :** झारखंड में आदिवासी – सदान अखरा संस्कृति के संपोषक हैं।

**कारण (R) :** क्योंकि ये दिन मेहनत करने में और आधी रात तक नाचने, गाने एवं बजाने में व्यतीत करते हैं।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही नहीं हैं। (2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(3) **(A)** सही है **(R)** सही नहीं है। (4) **(A)** सही नहीं है **(R)** सही है।

**16.** झारखंड में संस्कृति के महानायक किसे माना जाता है ?

(1) जयपाल सिंह (2) शिबू सोरेन

(3) डॉ. राम दयाल मुण्डा (4) डॉ. निर्मल मिंज

**17.** 1987 में भारत महोत्सव पर कौन सा नृत्य दल झारखंड से रूस गया था ?

(1) पइका (2) छऊ (3) जदुर (4) धुड़िया

**18.** बड़ पहाड़ी अथवा मरङ् बुरू की पूजा किस समुदाय के लोग करते हैं ?

(1) केवल सदान (2) केवल आदिवासी (3) सदान – आदिवासी (4) कोई नहीं

**19.** ''ए लिटिल नोन प्रोविन्स ऑफ द इम्पायर: छोटानागपोर'' के लेखक कौन हैं ?

(1) ब्रैडली बर्ट (2) विलियम हंटर (3) डाल्टन (4) विल्किंशन

**20.** निम्नलिखित में अभिकथन और कारण का कौन सा समूह सर्वाधिक उपयुक्त है ?

**अभिकथन (A) :** झारखंड नवागंतुकों को सदैव आकर्षित करता रहा है।

**कारण (R) :** क्योंकि यहाँ प्राकृतिक सम्पदा परिपूर्ण नहीं है।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही नहीं हैं।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(3) **(A)** सही नहीं है **(R)** सही है।

(4) **(A)** सही है **(R)** सही नहीं है।

**21.** भाषा विज्ञान का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(1) भाषा की उत्पत्ति बताना

(2) भाषा का इतिहास बताना

(3) भाषाओं का व्याकरण बताना

(4) बोली और भाषाओं का सम्यक अध्ययन करना

22. Which is not correct in the following ?

(1) Language is a tradition thing.

(2) Language is a social thing.

(3) Language is an aquired property.

(4) Language is not changible.

23. *'Sasural'* word is derived from *'Pritigrih'* whose example is this ?

(1) Change in sound (2) Change in morpheme

(3) Change in meaning (4) None

24. When the *word* turns in to *morpheme* ?

(1) When sign of case is added (2) Change in gender and number

(3) When suffix and prefix is added (4) All the three

25. Words are made with adding 03 (three) vowels in Arabic Verbs in the middle of the words ?

(1) K T B - Kitab, Kutub, Katib (2) S L M - Salim, Salam, Salman

(3) K T L - Katal, Katil, Katilana (4) All three

26. *'Asan Ko Alankrit Kijiye'*. Whose example is this according to semantics ?

(1) Ashubha - Parihar (2) Vinamrata

(3) Vyeng Proyog (4) Bhavatmak bal

27. To which language the scholars Sukrat, Plato and Aristotle belong ?

(1) Japanee (2) Chinee (3) Yunanee (4) Jarmanee

28. Which kind of alphabet are k, ch, t, t, p ?

(1) Alpa Pran (2) Mahapran (3) Saghos (4) None

22. इनमें कौन सा सही नहीं है ?

(1) भाषा परंपरागत वस्तु है।

(2) भाषा सामाजिक वस्तु है।

(3) भाषा अर्जित संपत्ति है।

(4) भाषा परिवर्तनशील नहीं है।

23. *'पति-गृह'* से *'ससुराल'* शब्द बनना किसका उदाहरण है ?

(1) ध्वनि परिवर्तन (2) पद परिवर्तन

(3) अर्थ परिवर्तन (4) किसी का नहीं

24. *'शब्द'* कब *'पद'* बन जाता है ?

(1) कारक चिन्ह लगने पर (2) लिंग-वचन पतिवर्तन होने पर

(3) उपसर्ग-प्रत्यय लगने पर (4) उपर्युक्त तीनों

25. 03 (तीन) व्यंजन वाली अरबी धातुओं के बीच में स्वर जोड़ कर शब्द बनाए जाते हैं। इसका सही उदाहरण है :

(1) क त ब - किताब, कुतुब, कातिब (2) स ल म - सलीम, सलाम, सलमान

(3) क त ल - कत्ल, कातिल, कातिलाना (4) उपर्युक्त तीनों

26. *'आसन को अलंकृत कीजिए'* अर्थ विज्ञान की दृष्टि से किसका उदाहरण है ?

(1) अशुभ-परिहार (2) विनम्रता

(3) व्यंग्य प्रयोग (4) भावात्मक बल

27. सुकरात, प्लेटो और अरस्तु किस भाषा के विद्वान हैं ?

(1) जापानी (2) चीनी (3) यूनानी (4) जर्मनी

28. क्,च्, ट्, त्, प् किस प्रकार की ध्वनियाँ (वर्ण) हैं ?

(1) अल्पप्राण (2) महाप्राण (3) सघोष (4) इनमें से कोई नहीं

**29.** Identify the correct group :

| | Letter | | Group |
|---|---|---|---|
| (a) | a, e, u | (i) | Long sound |
| (b) | aa, ee, uu | (ii) | Aspirat |
| (c) | kh, ch, th, th, ph | (iii) | Unaspirate |
| (d) | g, j, d, d, b | (iv) | Short sound |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**30.** Which is not the correct statement ?

(1) There are 28 letter are in Arabic

(2) There are 24 signs are in Greek script

(3) There are 05 consonant in English

(4) There are no letters in chinise script

**31.** How can the National Language Hindi develop ?

(1) By making the National Language compulsory

(2) Primary education in Hindi through mother tongue

(3) By creation of good literature

(4) By honouring and giving awards to Hindi writers

**32.** Which Language family *Kurukh* and *Malto* belong to ?

(1) Indo - Aryan family

(2) Austric

(3) Tebbati - Burmese Language family

(4) Dravidian Language family

29. सही मिलान की पहचान करें :

| | वर्ण | | वर्ग |
|---|---|---|---|
| (a) | अ, इ, उ | (i) | दीर्घ |
| (b) | आ, ई, ऊ | (ii) | महाप्राण |
| (c) | ख्, छ्, ठ्, थ्, फ् | (iii) | अल्पप्राण |
| (d) | ग्, ज्, ड्, द्, ब् | (iv) | ह्रस्व |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

30. कौन–सा कथन सही नहीं है ?

(1) अरबी में कुल 28 अक्षर हैं।

(2) ग्रीक लिपि में 24 चिन्ह हैं।

(3) अंगरेजी में 05 व्यंजन हैं।

(4) चीनी लिपि में अक्षर या वर्ण नहीं हैं।

31. राष्ट्रभाषा हिन्दी का विकास कैसे हो सकता है ?

(1) राष्ट्रभाषा को अनिवार्य कर।

(2) मातृभाषा माध्यम से राष्ट्रभाषा हिन्दी में प्राथमिक शिक्षा से।

(3) उत्तम साहित्य सृजन से।

(4) हिन्दी साहित्यकारों को सम्मानित एवं पुरस्कृत कर के।

32. *कुड़ुख़* तथा *मालतो* किस भाषा परिवार की भाषाएँ हैं ?

(1) आर्य भाषा परिवार

(2) आग्नेय भाषा परिवार

(3) तिब्बती – बर्मी भाषा परिवार

(4) द्रविड़ भाषा परिवार

**33.** Which is not correct in the following ?

(1) Theory of origin of Language is based on guess.

(2) Theory of origin of Language is very complicated.

(3) That is why the theory of origin of Language is boycotted from the field of linguistic.

(4) The theory of origin of languages is perfect and determinative.

**34.** How mother tongue cannot be prosperous ?

(1) By talking with the children at home and outside continuously

(2) By giving importance to mother tongue in teaching and service

(3) By creation of best literature and giving honour

(4) By neglecting the above three

**35.** What is the condition of words in case, Tense, Verb and Person ?

(1) Changes (2) Not changes

(3) A few changes (4) More or less changes

**36.** *'Tolkappiyam'* book belongs to what Language ?

(1) Sanskrit (2) Tamil (3) Bangla (4) Oriya

**37.** Match the correct group :

| | **Author** | | **Language** |
|---|---|---|---|
| (a) | Vanbhatta | (i) | Gora |
| (b) | Elango | (ii) | Andher Nagri |
| (c) | Kaviguru Ravindra Nath Thakur | (iii) | Kadambari |
| (d) | Bhartendu Harish Chandra | (iv) | Shilppadikaram |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**33.** निम्नलिखित में कौनसा सही नहीं है?

(1) भाषोत्पत्ति - विषयक सिद्धान्त अनुमान पर आश्रित है।

(2) भाषा की उत्पत्ति विषयक सिद्धान्त अत्यंत उलझा हुआ है।

(3) इसी से भाषा उत्पत्ति सिद्धान्त को भाषा वैज्ञानिकों ने भाषा विज्ञान के क्षेत्र से बाहर घोषित किया है।

(4) भाषा - उत्पत्ति सिद्धान्त पूर्ण और निर्णयात्मक है।

**34.** मातृभाषा कैसे समृद्ध नहीं हो सकती है?

(1) घर - बाहर बच्चों से बातचीत बनाए रखने से

(2) मातृभाषा को अध्ययन-अध्यापन एवं नौकरी में महत्व देने से

(3) उत्तम साहित्य सृजन एवं सम्मान से

(4) उपर्युक्त तीनों की उपेक्षा से

**35.** कारक, काल, क्रिया एवं पुरुष में शब्द की क्या स्थिति होती है?

(1) परिवर्तित हो जाती है। (2) परिवर्तित नहीं होती है।

(3) कुछ-कुछ परिवर्तित होती है। (4) थोड़ा-बहुत परिवर्तित होती है।

**36.** *'तोलकाप्पियम्'* किस भाषा का ग्रंथ है?

(1) संस्कृत (2) तमिल (3) बंगला (4) उड़िया

**37.** सही मिलान करें :

| **रचनाकार** | | **रचना की भाषा** | |
|---|---|---|---|
| (a) | वाणभट्ट | (i) | गोरा |
| (b) | इलंगो | (ii) | अंधेर नगरी |
| (c) | कविगुरु रवीन्द्र नाथ ठाकुर | (iii) | कादम्बरी |
| (d) | भारतेन्दु हरिश्चन्द्र | (iv) | शिलप्पदिकारम् |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**38.** Choose the correct group :

| | Composition | | Author |
|---|---|---|---|
| (a) | Shrimad Bhagvat Puran | (i) | Jaisankar Prasad |
| (b) | Sanskriti Ke Char Addyaya | (ii) | Ved Vyas |
| (c) | Manimekalai | (iii) | Kulvanigan |
| (d) | Kankal | (iv) | Dinkar |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

**39.** *Kowlan* and *Kannaki* are the *Hero* and *Heroine* of which book ?

(1) Manimacale (2) Jiwak chintamoni
(3) Shilppadikaram (4) Valayapadi

**40.** Which is the immortal book of Vibhuti Bhusan Vondhopaddhyay ?

(1) Charitrahin (2) Durgeshnandini
(3) Ghare - Bahre (4) Pather - Panchali

**41.** *Dwivedi yug* is called in the name of ?

(1) Hajari Prasad Dwivedi (2) Mahavir Prasad Dwivedi
(3) Makhan Lal Chaturvedi (4) Ram Naresh Trivedi

**42.** Who is the poet of Reeti Kal ?

(1) Matiram (2) Bihari
(3) Padmakar (4) All three mentioned above

**43.** Who is the Heroine of Prithiviraj Raso ?

(1) Sanyogita (2) Sakuntala (3) Padmavati (4) Radha

**44.** Bharatendu Harish Chandra is a literary person of which period ?

(1) Adhikal (Ancient) (2) Purv Madhyakal (Previous Middle age)
(3) Adhunik Kal (Modern age) (4) Uttar Madhyakal (After middle age)

38. सही मिलान करें :

| | रचना | | रचनाकार |
|---|---|---|---|
| (a) | श्रीमद् भागवत् पुराण | (i) | जयशंकर प्रसाद |
| (b) | संस्कृति के चार अध्याय | (ii) | वेद व्यास |
| (c) | मणिमेकलै | (iii) | कूलवाणिगन |
| (d) | कंकाल | (iv) | दिनकर |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

39. *कोवलन* और *कण्णकी* किस रचना के *नायक-नायिका* हैं ?

(1) मणिमेकलै
(2) जीवक चिंतामणि
(3) शिलप्पदिकारम्
(4) वलयापदि

40. विभूति भूषण वन्धोपाध्याय की अमर रचना कौनसी है ?

(1) चरित्रहीन
(2) दुर्गेशनन्दिनी
(3) घरे - बाहरे
(4) पाथेर पाँचाली

41. *द्विवेदी-युग* किनके नाम पर कहा गया है ?

(1) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(2) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(3) माखन लाल चतुर्वेदी
(4) राम नरेश त्रिवेदी

42. रीतिकाल के कवि कौन हैं ?

(1) मतिराम
(2) बिहारी
(3) पद्माकर
(4) उपर्युक्त तीनों

43. पृथ्वीराज रासो की नायिका कौन है ?

(1) संयोगिता
(2) शकुंतला
(3) पद्मावती
(4) राधा

44. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र किस काल के साहित्यकार हैं ?

(1) आदिकाल
(2) पूर्व मध्यकाल
(3) आधुनिक काल
(4) उत्तर मध्यकाल

**45.** Who is called *Meera* of South India ?
(1) Bharati (2) Andal (3) Bharatidasan (4) Kavimani

**46.** Dwijendra Lal Rai is a dramatist of which Language ?
(1) Asamiya (2) Hindi (3) Tamil (4) Bangla

**47.** Bhupen Hazarika is a folk singer of which Language ?
(1) Marathi (2) Bangla (3) Asamiya (4) Oriya

**48.** Who is the oriya writer ?
(1) Vinapani Mahanti (2) Prativa Roy
(3) Sitakant Mahapatra (4) Above three

**49.** Which is the primary inspiring magazine of Tribal and Regional Languages ?
(1) Adivasi (2) Pajhra
(3) Johar (4) Abuwa Jharkhand

**50.** Who is the writer of the story entitled *'Usne Kaha tha'* ?
(1) Bhagwati Charan Verma (2) Chandradhar Sharma Guleri
(3) Vrindavan Lal Verma (4) Sudarsan

**51.** 'Poetry is an articulate music,' - who has said this ?
(1) Hudson (2) Edger Allen PO (3) Coleridge (4) Carlyle

**52.** Which is not the element of Literature in the following ?
(1) Emotion (2) Imagination (3) Argument (4) Wisdom

**53.** Which is not the basic motivation of Literature ?
(1) Talent (2) Knowledge (3) Practice (4) To earn money

**54.** Which is the most ancient book of folktales ?
(1) Brihat Katha by Gunadhya
(2) Brihat Katha Manjari by Kshemendra
(3) Katha Saritsagar translated by Somdeo
(4) Jatak Katha Speeches by Goutam Budha

**45.** दक्षिण भारत की *मीरा* किसे माना जाता है ?

(1) भारती (2) अण्डाल (3) भारतीदासन (4) कविमणि

**46.** द्विजेन्द्रलाल राय किस भाषा के नाटककार हैं ?

(1) असमिया (2) हिन्दी (3) तमिल (4) बंगला

**47.** भूपेन हजारिका किस भाषा के लोक गायक हैं ?

(1) मराठी (2) बंगला (3) असमिया (4) उड़िया

**48.** उड़िया साहित्यकार कौन हैं ?

(1) वीणापाणी महांति (2) प्रतिभा राय

(3) सीताकांत महापात्र (4) उपर्युक्त तीनों

**49.** जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा साहित्य की आरंभिक प्रेरक पत्रिका कौनसी थी ?

(1) आदिवासी (2) पझरा

(3) जोहार (4) अबुआ झारखंड

**50.** *'उसने कहा था'* कहानी के लेखक कौन हैं ?

(1) भगवती चरण वर्मा (2) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(3) वृन्दावन लाल वर्मा (4) सुदर्शन

**51.** 'संगीत साधित शब्द को काव्य कहते हैं।' ये कथन किनका है ?

(1) हडसन (2) एडगर एलन पो (3) कॉलरिज (4) कार्लाइल

**52.** इनमें से काव्य के तत्व कौन नहीं है ?

(1) भाव तत्व (2) कल्पना तत्व (3) तर्क तत्व (4) बुद्धि तत्व

**53.** काव्य का हेतु कौन नहीं है ?

(1) प्रतिभा (2) व्युत्पत्ति (ज्ञान) (3) अभ्यास (4) अर्थोपार्जन

**54.** लोक कथाओं का सर्वाधिक प्राचीन ग्रंथ कौनसा है ?

(1) गुणाढ्य कृत बृहत्कथा

(2) क्षेमेन्द्र कृत बृहत् कथा मंजरी

(3) सोमदेव अनूदित कथासरित्सागर

(4) गौतम बुद्ध कथित जातक कथा

**55.** Sari beech nari hai ki nari bich sari hai,
ki sari hi ki nari hai ki nari hi ki sari hai,
Which Alankar is in this ?

(1) Atishayokti (2) Sandeh (3) Bhrantiman (4) Virodhabhas

**56.** Identify the correct group :

| | **Chand (Metre)** | | **Matra (Unitary)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Doha | (i) | 13 - 11 |
| (b) | Sortha | (ii) | 11 - 13 |
| (c) | Rola | (iii) | 16 |
| (d) | Chaupai | (iv) | 24 |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

**57.** 'Kabira soi *pir* hai, Jo jane par pir', - which alankar is in this ?

(1) Yamak (2) Rupak (3) Deepak (4) Vyatirek

**58.** Which is not the purpose of Literature ?

(1) To earn reputation (2) To earn wealth
(3) To achieve misfortune (4) To achieve practical knowledge

**59.** What is not correct in the arrangement of Three Unities in Drama ?

(1) Unity of place (2) Unity of time (3) Unity of work (4) Unity of heroes

**60.** Who is the author of 'Rasgongadhar' ?

(1) Pandit Jagannath (2) Vishwanath
(3) Mammat (4) Bhamah

**61.** Whose creative element in totality is Folkmind ?

(1) Riddle (2) Folklore (3) Incantation (4) Idiom

55. सारी बीच नारी है कि नारी बीच सारी है।
कि सारी ही की नारी है कि नारी ही की सारी है।
इसमें कौन सा अलंकार है?

(1) अतिशयोक्ति (2) संदेह (3) भ्रांतिमान (4) विरोधाभास

56. सही मिलान की पहचान करें :

| | **छंद** | | **मात्रा** |
|---|---|---|---|
| (a) | दोहा | (i) | 13 - 11 |
| (b) | सोरठा | (ii) | 11 - 13 |
| (c) | रोला | (iii) | 16 |
| (d) | चौपाई | (iv) | 24 |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

57. कबीरा सोई *पीर* हैं, जो जाने पर *पीर* इसमें कौन सा अलंकार है?

(1) यमक (2) रूपक (3) दीपक (4) व्यतिरेक

58. काव्य के प्रयोजन कौनसा नहीं है?

(1) यश की प्राप्ति (2) अर्थ की प्राप्ति
(3) अमंगल की प्राप्ति (4) व्यावहारिक ज्ञान की प्राप्ति

59. नाटक में संकलन त्रय की व्यवस्था में क्या सही नहीं है?

(1) स्थान की एकता (2) काल की एकता (3) कार्य की एकता (4) नायकों की एकता

60. 'रसगंगाधर' किसकी कृति है?

(1) पंडित जगन्नाथ (2) विश्वनाथ
(3) मम्मट (4) भामह

61. लोक मानस को किसका समग्र सर्जक तत्व माना गया है?

(1) पहेली (2) लोक साहित्य को (3) मंत्र (4) मुहावरे

**62.** 'Jiwan Ke sukh, Jiwan Ke dukh, ye hai lokgeet ke bees' - who has defined this ?

(1) Devendra Satyarthi (2) Dr. Shyam Parmar

(3) Dr. Satyendra (4) Dr. Hazari Prasad Dwivedi

**63.** Identify the correct answer of this riddle ?

Sandhya ko paida hui, Adhi rat jawan,

Bade Sabere mar gayi, ghar ho gaye masan.

(1) Moon (2) Grass (3) Sleep (4) Dew

**64.** What kind of language is used by other than human being in folktales ?

(1) Own language (2) None

(3) Language of human (4) Above three

**65.** What is the meaning of Tri - Language formula in our country ?

(1) Domestic Language, State Language, National Language

(2) Mother tongue, National Language Hindi, International Language English

(3) Regional Language, Ancient Language, National Language

(4) Mother tongue, State Language, National Language

**66.** How many Indian Languages have been enlisted in eighth Schedule ?

(1) 22 (2) 30 (3) 18 (4) 25

**67.** Albenus Minz is writer of which book ?

(1) Kahani Adivasi Rajniti Ke (2) Jharkhand Virasat

(3) Both (2) and (4) (4) Kurux Book

**68.** Which language has 'glotal chek sound' ?

(1) Nagpuri (2) Mundari (3) Santali (4) Both (2) and (3)

**69.** What is the meaning of *'Birhor'* ?

(1) Bir Manav (Forest man) (2) Jangal Ka Admi (Man of forest)

(3) Warrior (4) Warrior who has been defeated

62. ''जीवन के सुख, जीवन के दु:ख, ये हैं लोकगीत के बीज'' यह परिभाषा किनकी है ?

(1) देवेन्द्र सत्यार्थी (2) डॉ. श्याम परमार

(3) डॉ. सत्येन्द्र (4) डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी

63. इस पहेली का सही उत्तर पहचाने :

संध्या को पैदा हुई, आधी रात जवान।

बड़े सबेरे मर गयी, घर हो गया मसान।।

(1) चाँद (2) घास (3) नींद (4) ओस

64. लोक कथाओं में मानवेत्तर प्राणी किस भाषा का प्रयोग करते हैं ?

(1) अपनी भाषा (2) किसी का नहीं

(3) मानव की भाषा (4) उपर्युक्त तीनों

65. देश में त्रिभाषा प्रणाली का क्या तात्पर्य है ?

(1) घर की भाषा, प्रान्त की भाषा, देश की भाषा

(2) मातृभाषा, राष्ट्रभाषा हिन्दी, अन्तरराष्ट्रीय भाषा इंगलिश

(3) क्षेत्रिय भाषा, प्राचीन भाषा, राष्ट्रभाषा

(4) मातृभाषा, राजभाषा, राष्ट्रभाषा

66. 8 वीं अनुसूची में कितनी भारतीय भाषाएँ अनुसूचित की गयी हैं ?

(1) 22 (2) 30 (3) 18 (4) 25

67. अलबिनुस मिंज किस पुस्तक के लेखक हैं ?

(1) कहानी आदिवासी राजनीति की (2) झारखंड विरासत

(3) (2) और (4) दोनों (4) कुड़ुख़ ग्रंथ

68. काकल्य ध्वनि किस भाषा में पायी जाती है ?

(1) नागपुरी (2) मुण्डारी (3) संताली (4) (2) और (3) दोनों में

69. *'बिरहोर'* का क्या अर्थ होता है ?

(1) वीर मानव (2) जंगल का आदमी

(3) जो वीर हो (4) जो वीर हार गया हो

**70.** Whose drama is *'Hiranagpur Ka Heera'* ?

(1) Giridhari Ram Gaunjhu 'Giriraj' (2) Lal Ran Vijay Nath Shahdeo

(3) Sahani Upendra Pal Nahan (4) Biseshwar Prasad Keshari

**71.** Which is the book of Girish Chandra Mahanta ?

(1) Adi Jhumur Sangeet (2) Chotanagpur Tal Manjari

(3) Jhamur Aur Jhumar Desh (4) Kurmali Bhasa Tatwa

**72.** Which is the book of Dr. Chandra Mohan Mahto ?

(1) Jiwan Pathek Ful (2) Nawa Sanch

(3) Julum (4) Ravan Badh

**73.** Who is the writer of first Kurmali Novel *'Gandhik Jai'* ?

(1) Dr. Raj Ram Mahto (2) Surendra Nath Mahto

(3) Prof Bhubheshwar Mahto (4) Dr. Vijay Mukharjee

**74.** Whose book is 'Mathura Ka Ni' (four volume) ?

(1) Menus Ram Oreya (2) Sagu Munda

(3) Bharmi Munda (4) Mangal Singh Munda

**75.** Who is the first professor to join the department of Tribal and Regional Languages in Ranchi University ?

(1) Dr. Ram Dayal Munda (2) Dr. B. P. Keshari

(3) Dr. Kumari Basanti (4) Dr. K. C. Tudu

**– o O o –**

**70.** *'हीरानागपुर कर हीरा'* किसका नाटक है ?

(1) गिरिधारी राम गौंझू 'गिरिराज' (2) लाल रण विजय नाथ शाहदेव

(3) सहनी उपेन्द्र पाल नहन (4) विसेश्वर प्रसाद केशरी

**71.** गिरीश चन्द्र महन्ता की कौनसी पुस्तक है ?

(1) आदि झूमर संगीत (2) छोटानागपुर ताल मंजरी

(3) झूमर और झूमर देश (4) कुर्माली भाषा तत्व

**72.** डॉ. चन्द्र मोहन महतो की कौन सी पुस्तक है ?

(1) जीवन पथेक फूल (2) नॉवा संच

(3) जुलुम (4) रावण बध

**73.** *'गाँधीक जय'* कुरमाली का प्रथम उपन्यास के लेखक कौन हैं ?

(1) डॉ. राजा राम महतो (2) सुरेन्द्र नाथ महतो

(3) प्रो. भुवनेश्वर महतो (4) डॉ. विजय मुखर्जी

**74.** 'माथुरा: क नि' (चार भाग) किनकी पुस्तक है ?

(1) मेनस राम ओड़ेया (2) सागु मुण्डा

(3) भरमी मुण्डा (4) मंगल सिंह मुण्डा

**75.** जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग रांची विश्वविद्यालय में प्रथम योगदान देने वाले प्राध्यापक कौन हैं ?

(1) डॉ. राम दयाल मुण्डा (2) डॉ. बी. पी. केशरी

(3) डॉ. कुमारी बासंती (4) डॉ. के.सी टुडू

**- o O o -**

**Space For Rough Work**